# बीडा के लिए 21 हजार एकड़ जमीन अधिग्रहित

**झांसी,संवाददाता।** प्रदेश सरकार द्वारा बुंदेलखंड को दी गई महत्वपूर्ण सौगात के रूप में बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी यानी बीडा के लिए जमीन अधिग्रहण का काम तेज गति से चल रहा है। बीडा के लिए झांसी के 33 गांव की 56,662 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किए जाने की प्रक्रिया चल रही है, जिसमें से 21,000 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जा चुका है। यह जमीन 10,000 किसानों से अधिग्रहीत की गई है और इसके एवज में किसानों को लगभग 3,000 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा की तर्ज पर एक अत्याधुनिक विश्व स्तरीय औद्योगिक शहर झांसी में बसाने की घोषणा की है। इसके लिए डीपीआर तैयार करने का भी काम चल रहा है। देश और दुनिया की कई प्रतिष्ठित कंपनियां इस क्षेत्र में निवेश के लिए इच्छा जाहिर कर चुकी हैं। पलायन को रोकने की दिशा में भी अपनी भूमिका निभाएगा। बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के एसीईओ प्रवीण वर्मा ने बताया कि जमीन अधिग्रहण का काम तेज गति से चल रहा है।